# FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2026

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0015 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 26/10/2026 11:03 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 16/10/2026 **Date To (दिनांक तक):** 26/10/2026

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 10:36 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 26/10/2026 **Time (समय):** 10:36 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 003 **Date and Time (दिनांक और समय):** 26/10/2026 10:36 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 125 Km **Beat No. (बीट सं.):** (s)

**(b) Address (पता):** नजदीक नया बस स्टैंड करनाल,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** मनीष

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** सुरेश पाल

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1991 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

**(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

**(h) Occupation (व्यवसाय):**

**(i) Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | टापू खदरी तहसील छछरौली, YAMUNA NAGAR, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | टापू खदरी तहसील छछरौली, YAMUNA NAGAR, HARYANA, INDIA |

**(j) Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9991259023

**7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ASI रजनी | | | 1. HSEnB यमुनानगर,YAMUNA NAGAR,HARYANA,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

नकल लेख इस प्रकार से है

सेवा में

निरीक्षक

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल निवेदन यह है कि मैं मनीष पुत्र श्री सुरेश पाल वासी गांव टापू खदरी तहसील छछरौली जिला यमुनानगर का रहने वाला हूँ और गांव बैलगढ़ तहसील खिजराबाद अब प्रताप नगर जिला यमुनानगर से सहारनपुर यू.पी. तक रेता व बजरी ढोने का काम अपने ट्रक नं० HR 58E 9723

में करता हूँ। इस दौरान मुझे रास्ते में कई बार इन्फोसमैन्ट विभाग की सरकारी गाड़ी ने एन.टी.पी.सी. रोड़ कनालसी-बीबपर रोड़ यमुनानगर रोककर रेता बजरी ढोने के लिए प्रति गाड़ी की एन्ट्री पर 1,000/- रूपये की मांग कर चुके है जो मैने उनको नहीं दिये थे। इस सम्बन्ध में इन्फोसमैन्ट यमुनानगर में नियुक्त ए.एस.आई. रजनी ने अपने मोबाईल नं0 87081-74464 से बार-2 मेरे नं0 99912-59023 पर फोन करके बुला रही थी। जिस पर मैं दिनांक 16.10.2026 को उसके बुलाने पर थाना फरकपुर जिला यमुनानगर के पास जाकर ए.एस.आई. रजनी से मिला तो उसने मुझे मेरी गाडी की पिछली चार गाडी के एन्ट्री के बदले में 4,000/- रूपये रिश्वत की मांग की जिस पर मैने कहा कि मेरे पास अभी पैसे नही है मैंने अपने दोस्त रमन पुत्र श्री विकास उर्फ कुका वासी ओल्ड हमिदा यमुनानगर से पैसे लेने है। ए.एस.आई. रजनी पहले से ही रमन को जानती है और जो रमन भी गाडियां चलाता है तथा ए.एस.आई. रजनी ने अपने फोन से रमन को फोन मिलाकर पैसे के बारे मे पूछा तो रमन ने कहा कि मैंने मनीष के 8,000/- रूपये देने है जिस पर ए.एस.आई. रजनी ने कहा कि तु मनीष को 4,000/- रूपये दे देना और 4,000/- रूपये मेरे खाता में डलवाने के लिये कहा जिस पर मेरे द्वारा काफी रिक्वेस्ट करने पर उसने 2,000/- रूपये रमन से अपने खाता में डलवा लिये और बकाया 2,000/- रूपये लेने के लिए अगले चक्कर के दौरान बोला है। मेरी गाडियां पहले रोकने के दौरान ए.एस.आई. रजनी ने मुझे कहा था कि तुम्हारी व तुम्हारे किसी भी दोस्त की गाडी जब भी निकलेगी तो तुम मुझे पहले ही बता देना नही तो वह गाडिया पकड़कर माईनिंग मे बन्द कर दूंगी। इसलिए आज शाम को मैंने ए.एस.आई. रजनी को फोन करके पूछा कि मेरे व मेरे दोस्तों की 6 गाडियां ओर भी निकलेगीं उनको तो नही रोकोगें जिस पर उसने कहा कि प्रति गाड़ी 1,000/- रूपये के हिसाब से 6,000/- रूपये और 2,000/-रूपये पिछले कुल 8,000/- रूपये लेकर दिनांक 24.10.2026 को बुलाया था परन्तु मै उसको रिश्वत नही देना चाहता था इसलिये मै उसके पास नही गया। उसके पश्चात दिनांक 25.10.2026 को ए.एस.आई. रजनी ने फिर से फोन करके मुझे अपने पास बुलाया। जिस पर नै फरूखपुर थाने के बाहर जाकर ए.एस.आई. रजनी से मिला तो उसने मुझसे रिश्वत की माग की जिस पर मैनें दवाब में आकर 3000/- रूपये उसको दे दिये फिर उसने मुझसे पुछा और भी गाडियां निकलनी है तो मैने कहा की 4 गाडियां मेरी व मेरे दोस्तो की निकलनी है तो उसने कहा की 6,000/-रूपये पिछले और 4 गाडियो के 4000/- रूपये कुल 10000 रूप्ये देने पडगें जिस पर मेरे द्वारा कम करने की गुजारिश करने पर उसने 9,500/- रूपये की मागं की और रिश्वत लेकर आज सुबह अपने पास बुलाया है। मैं 9,500/- रूपये बतौर रिश्वत के ए.एस.आई. रजनी को नही देना चाहता और उसको रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो पकड़वाना चाहता हूँ ए.एस.आई. रजनी के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। जिसकी मैंने रिश्वत मांगने बारे रिकॉर्डिंग की हुई है

SD MANISH

प्रार्थी

मनीष पुत्र श्री सुरेश पाल

वासी गांव टापू खदरी तहसील छछरौली जिला यमुनानगर

मो० नं0 99912-59023

कार्यवाही पुलिस- आज मन निरीक्षक मय निरीक्षक जयसिहं न. 224 (H), ASI संजय 683/PPT, ASI जगमोहन न. 152/PPT, ESI जगबीर 587/PPT, मय गाडी सरकारी न. HR03GV-1916 मय चालक EASI चरणपाटल 1585(HSR) के कार सरकार कार्य हेतु थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो करनाल में हाजिर हुं। मन निरीक्षक को उच्च अधिकारी के मोखिक आदेश प्राप्त हुआ कि शिकायतकर्ता मनीष मोबाईल न.99912-59023 पर सम्पर्क करो कि यह सरकारी कर्मचारी पर रेड की कार्यवाही करवाना चाहता है जिस पर मन निरीक्षक ने उपरोक्त मोबाईल नम्बर पर मनीष से सम्पर्क किया। जो शिकायतकर्ता मनीष ने बतलाया कि आप नया बस स्टैंड करनाल आ जाओ, मै सारी बात आपसे मिलकर वही पर बता दुंगा। जिस पर मन निरीक्षक मय हमराही मुलाजमान उपरोक्त व ASI कमलदीप 1088(KKR), महिला सिपाही शहनाज न. 2560/SPT के रेडिंग पार्टी तैयार करके बा सवारी गाडी सरकारी न. HR03GV-1916 व दो प्राईवेट गाडी के रवाना होकर नया बस स्टैंड करनाल पहुंचा जहा पर एक नोजवान लडका सरकारी गाडी को देखकर मन निरीक्षक के पास आकर अपना नाम मनीष पुत्र श्री सुरेशपाल वासी गांव टपु खदरी तहसील छछरोली जिला यमुनानगर बतलाकर एक हस्त लिखित दरखास्त बाबत ASI रजनी HSEnB यमुनानगर द्वारा शिकायतकर्ता से रिशवत मांगने बारे मन नि. को पेश की । जिस पर मन नि. ने शिकायतकर्ता के पास मौजुद रिशवत की मांग की रिकार्डिंग को सुनकर सन्तुष्ट होने उपरान्त आगामी कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को हालात बारे अवगत कराया गया व रेड कार्यवाही के सम्बन्ध में उच्च अधिकारियों से राजपत्रित गवाह नियुक्त करने बारे आग्रह किया गया । जिस पर श्री संजीव तंवर उप

मण्डल अभियंता PWD BR समालखा जिला पानीपत को राजपत्रित गवाह बारे आदेश फरमाए । जिस पर मन नि. ने राजपत्रित गवाह से फोन पर सम्पर्क करके अपने कार्यालय से एक कर्मचारी बतौर छाया गवाह अपने तौर पर लेकर नजदीक नया बस स्टैंड करनाल आने बारे कहा। दरखास्त उपरोक्त व सुनी हुई रिकार्डिंग से अपराध जेर धारा 7 PC Act 1988 का घटित होना पाया जाने पर तहरीर बराए कायमी अभियोग EASI संजय 683/PPT के हवाले की गई है जो मुकदमा दर्ज होने उपरान्त मुकदमा नम्बर से सूचित किया जावे । प्रथम सुचना रिपोर्ट की ईलाका मैजिस्ट्रेट व अफसरान बाला की सेवा में बजरिया ईमेल भिजवाई जावे । प्रिन्टर, लैपटाप व अनुसंधान किट हमरा है मन निरीक्षक मय रेडिंग प्रार्टी उपरोक्त मुलाजमान व शिकायतकर्ता मनीष बा सवारी गाडी सरकारी मय दो प्राईवेट गाडियो के स्वतंत्र गवाह श्री संजीव तंवर उप मण्डल अभियंता PWD BR समालखा जिला पानीपत व साथी कर्मचारी के इंतजार में हुं।
अज – नजदीक नया बस स्टैंड करनाल

SD SATPAL

निरीक्षक (सतपाल)

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

उपकेन्द्र पानीपत

दिनांक 26.10.2026

At:7.00 A.M

अज थाना- उपरोक्त तहरीर पर अभियोग न0 15 दिनांक 26.10.2026 धारा 7 पी.सी.एक्ट 1988 थाना राज्य चौकसी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पंचकुला अंकित करके स्पैशल रिपोर्ट ई. मेल के माध्यम से स्पैशल मैजीस्ट्रेट साहब, जगाधरी, जिला यमुनानगर की सेवा में व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल बादस्त EASI संजय 683/PPT के अनुसंधान अधिकारी के पास मौका पर भेजी जा रही है । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया। अनुसंधान अधिकारी निरीक्षक सतपाल, थाना राज्य चौकसी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल की आई.डी., सी.सी.टी.एन.एस. मे ना होने के कारण निरीक्षक राकेश कुमार, थाना राज्य चौकसी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पंचकुला की हाजिरी मे प्रथम सूचना रिपोर्ट चाक की जा रही है ।

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** rakesh kumar **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 101pkl **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए): or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना): District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** MOHIT HANDA

**Rank (पद):** SP (Superintendent of Police)

**No. (सं.):** IPS

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.) ) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Female | 1991 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**